उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने जोधपुर के सालावास में 104.15 करोड़ रूपये के सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

विकसित सड़क तंत्र से प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग होगा प्रशस्त, उप मुख्यमंत्री डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए कर रही अनवरत कामः श्री पटेल

जयपुर,30 सितम्बर। जोधपुर में विधानसभा क्षेत्र लूणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास समारोह मंगलवार को ग्राम पंचायत सालावास में उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य और संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 104.15 करोड़ रुपये के लागत से 60.70 किलोमीटर के 3 सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित सड़क तंत्र से प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने महज डेढ़ वर्ष में 21 हजार 650 करोड़

रुपये व्यय कर 30 हजार 381 किमी सड़कों का विकास करवाया और 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा है।

उप मुख्यमंत्री ने आह्वान करते हुए कहा 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सड़क, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, रोजगार और स्वास्थ्य जैसे सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास हुआ है।उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनसेवा के कार्यों को शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से प्राथमिकता से संपादित किया जा रहा है।

नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से आमजन को मिल रही राहत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित हर उत्पाद की दरों की कटौती से महंगाई में कमी आई है जिससे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाएं और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाएं।

जोजरी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कहीं कोई कमी नहीं रखी जाएगी

संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए अनवरत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 ग्रीन एक्सप्रेस वे के निर्माण से विकास की क्षेत्रीय विषमता दूर होगी। उन्होंने कहा सार्वजनिक निर्माण विभाग से विधानसभा क्षेत्र लूणी में 325 करोड़ 68 लाख रूपये की सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करवाए है। श्री पटेल ने कहा कि जोजरी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किसी भी स्तर पर कोई भी कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा नई एसटीपी निर्माण के कार्य प्रगतिरत है।

आगामी सरपंच उम्मीदवार दिनेश सैनी जिला प्रभारी व शिवराज चौधरी संयोजक नियुक्त

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 30 सितम्बर (दीपांकुर चौहान)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद परिड़वाल के अभिशंसा पर भासू से शिवराज चौधरी को टोंक जिला संयोजक आगामी सरपंच प्रत्याशी दिनेश कुमार सैनी को टोंक जिला प्रभारी के पद पर प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया में नियुक्ति दी गई जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने और ग्राम वासियों ने बधाई दी नियुक्ति पर शिवराज चौधरी, दिनेश कुमार सैनी ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, रामप्रसाद परिंडवाल इत्यादि का दिल से आभार व्यक्त किया ओर भरोसा दिया कि कांग्रेस के प्रति लोगों को जोड़ना व छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का काम करेंगे

बार्सिलोना में मोंडियाकल्ट 2025 में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने रखा भारत का मजबूत पक्ष

जोधपुर, 30 सितंबर (वेब वार्ता)।

बार्सिलोना में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मोंडियाकल्ट 2025 में दुनिया के कई देशों के संस्कृति मंत्री और विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में भारत की ओर से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जापान, ऑस्ट्रेलिया और कांगो के मंत्रियों व सचिवों के साथ सांस्कृतिक अधिकारों एवं सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था पर चर्चा की। शेखावत ने कहा कि नई तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस दौर में हमें सांस्कृतिक विविधता को बचाना होगा। संस्कृति को लोगों से जोडने और हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए नीतियों एवं कानूनों को मजबूत बनाने की जरूरत है। शेखावत ने जोर दिया कि तकनीक और एआई को कलाकारों एवं समुदायों को सशक्त बनाने के औजार के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए, न कि संस्कृति को कमजोर करने के लिए। शेखावत ने स्पेन के संस्कृति मंत्री एर्नेस्ट उर्तासुन से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस दौरान भारत और स्पेन के बीच बड़ा समझौता हुआ। दोनों देशों ने वर्ष 2024-28 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संयुक्त सांस्कृतिक वर्ष घोषित किया। शेखावत ने विश्वास जताया कि यह पहल भारत-स्पेन सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। दोनों देशों को सांस्कृतिक कूटनीति के वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करेगी। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत और स्पेन के बीच यह पहल न केवल सांस्कृतिक रिश्तों को नई ऊर्जा देगी बल्कि धरोहर संरक्षण, रचनात्मकता और नवाचार को भी मजबूती प्रदान करेगी। मुझे विश्वास है कि यह कदम एक स्थायी विरासत छोड़ेगा, परस्पर समझ को गहरा करेगा और भारत-स्पेन को सांस्कृतिक कूटनीति में वैश्विक अग्रणी बनाएगा।

Reliance Asset Reconstruction Company Ltd.(RARC 077 Trust)
Address : 11th Floor, North Side, R-Tech Park,
Western Express Highway, Goregoan (East), Mumbai 400063
9549476434

परिशिष्ट-IV {नियम 8(1)} कब्जे संबंधी सुचना (अचल संपत्ति हेतु)

(परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम 2002 के सपठित नियम 8(1)के अनुसार)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन कानून 2002 के प्रवर्तन और धारा 13(12) सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) कानून 2002 के अंतर्गत ऋण खाता संख्या **RARCBFL0000671717/2650** दिनांक 24.12.2024 को डिमांड नोटिस जारी किया था जिसमें ऋणी/यों, बंधककर्ताओं,सह-ऋणी/यों और जमानतदारो मूलचंद ज्योतिषी पुत्र श्री मोहनलाल ज्योतिषी, श्रीमती मन्जू पत्नी श्री मूलचंद, राकेश कुमार पुत्र श्री मूलचंद और किशोर पुत्र श्री भीवन को उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर उसमे उल्लिखित राशि रुपये 28,17,093/- (रुपये अट्ठाईस लाख सत्रह हज़ार तिरानवे रुपये मात्र) एवं 27.11.2024 से ब्याज शामिल करते हुए की राशि को चुकाने का आनुरोध किया था।

ऋणी और जमानतदारो ऋण खाता संख्या **RARCBFL0000671717/2650** की उक्त राशि चुकाने में विफल रहे हैं। उक्त ऋण खाते को उसकी अंतर्निहित प्रतिभूतियों ( ), जिसमें अचल संपत्ति भी शामिल है, को रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने बैद फिनसर्व लिमिटेड (जिसे पहले बैद लीजिंग एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)("Assigner")अधिनियम 2002 की धारा 5 के संदर्भ में RARC 077 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए अधिग्रहित किया था

ऋणी/यों, बंधककर्ताओं,सह-ऋणी/यों और जमानतदारो द्वारा यह राशि न चुका पाने के कारण ऋणी/जमानतदार एवं आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमावली के नियम 8 प्रतिभूति हित प्रवर्तन कानून 2002 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 27.09.2025 वर्ष यहां नीचे दिए गए विवरण वाली संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।

ऋणी /जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए आमत्रित किया जाता है, जो उपलब्ध संपत्तियों को छुडा लेनें के लिये उपलब्ध समय के संबंध में है।

ऋणी /यों, बंधककर्ताओं,सह-ऋणी/यों और जमानतदारो को विशेषकर तथा आम जनता को सामान्य रुप से सचेत किया जाता है कि वे इस संपत्ति/संपत्तियों में कोई लेनदेन न करे और इस संपत्ति में किसी भी प्रकार का रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ऋण खाता संख्या **RARCBFL0000671717/2650** के रुपये 28,17,093/- (रुपये अट्ठाईस लाख सत्रह हज़ार तिरानवे रुपये मात्र) एवं 27.11.2024 तक तथा उस पर भविष्य के ब्याज व खर्चों के ऋणभार प्रभार के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति के सभी अंग व अंश जिसमे प्लॉट नं. 30, अम्बेडकर नगर, हरमाड़ा, तहसील - आमेर, जिला - जयपुर ,राजस्थान में स्थित जो मूलचंद ज्योतिषी के नाम से है। क्षेत्रफल 122.22 वर्गगज है । जिसकी सीमाएं निम्न है :-उत्तर: प्लॉट नं.29 दक्षिण: प्लॉट नं. 31 पूर्व :अन्य प्लॉट पश्चिम :30 फीट चौड़ी सड़क

प्राधिकृत अधिकारी
(रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड)
RARC 077 ट्रस्ट के ट्रस्टी

दिनांक :27.09.2025 स्थान: जयपुर

केकड़ी में 5 अक्टूबर को विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित होगा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 30 सितम्बर (दीपांकुर चौहान)। होटल लक्ष्मी पैलेस एवं दी वाइब्रेंट एकेडमी स्कूल, केकड़ी तथा गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन आगामी 5 अक्टूबर 2025 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा।

यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति, भीलवाड़ा के आर्थिक सहयोग से लगाया जा रहा है। शिविर के प्रभारी एवं माइक्रो कैबिनेट मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन दिनेश गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा शिविर स्व. श्रीमती राम कन्या देवी मेवाड़ा, पत्नी श्री जगदीश स्वरूप मेवाड़ा की पुण्य स्मृति में मेवाड़ा परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

शिविर संयोजक एवं प्रांतीय सभापति कार्डिएक लायन दिनेश स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि शिविर में गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा रोगियों की आँखों की जाँच की जाएगी। ऑपरेशन योग्य रोगियों को उसी दिन बस द्वारा भीलवाड़ा स्थित नेत्रालय में ले जाकर मोतियाबिंद के ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण सहित) किए जाएंगे।

लायंस क्लब के निदेशक एवं शिविर समन्वयक लायन सतीश मालू ने बताया कि भर्ती किए गए सभी मरीजों को भोजन, चाय, बिस्किट, हरी पट्टी एवं चश्मे गोमाबाई नेत्रालय की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, मरीजों को भीलवाड़ा लाने एवं वापस ले जाने की सम्पूर्ण व्यवस्था भी की गई है। शिविर में लाभ लेने के इच्छुक नेत्र रोगियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र की फोटो प्रति साथ लेकर आएं। यह शिविर केकड़ी क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

शिव शक्ति वीर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

जयपुर। अग्रवाल फार्म मानसरोवर शिव शक्ति वीर हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के शुभ दिवस अष्टमी तिथि पर पंडित धीरज शर्मा के सानिध्य में मां भगवती का विशाल भंडारा सभी भक्तों के सहयोग से बड़े ही भव्य तरीके से संपन्न हुआ। पंडित धीरज शर्मा द्वारा मां भगवती का विधिवत पूजन, यज्ञ पाठ, एवं कन्याओं का पूजन करके पूर्ण आहुति के साथ मां भगवती की पूजा संपन्न की गई । इस शुभ मौके पर पधारे सभी भक्तों का कोटि-कोटि धन्यवाद एवं साधुवाद।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
IDFC FIRST Bank

(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031.
फोन: +91 44 4564 4000 / फैक्स: +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया है। नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, उनके ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13(2) नोटिस की तारीख	धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	105576042	गृह ऋण	30/08/2025	6,92,088.45/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम: 1. शोजी लाल 2. सुशीला बाई

संपत्ति का पता: वह सभी टुकड़ा और पार्सल पट्टा संख्या 105 वाला प्लॉट, प्लॉट क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, ग्राम नेट पर स्थित, ग्राम पंचायत: धौड़ा, पंचायत समिति: हिंडोली, तहसील: हिंडोली, जिला: बूंदी, राजस्थान-323024 **पूर्व: आम रास्ता, पश्चिम: शंभूलाल का घर, उत्तर: मुख्य सड़क, दक्षिण: श्रवण का घर**

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लेखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 01.10.2025 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, के साथ समामेलित
स्थान: बूंदी आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

सड़क परिवहन सुविधाओं का विस्तार: बसपोर्ट

लखनऊ (विभूति खण्ड, गोमती नगर, गाजियाबाद (ओल्ड), प्रयागराज (सिविल लाइंस), अयोध्या, लखनऊ (अमौसी) और कौशाम्बी (गाजियाबाद) में होगा बसपोर्ट्स का निर्माण

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

लखनऊ, 30 सितम्बर (का.सं.) उत्तर प्रदेश में हर दिन लाखों लोग बसों के माध्यम से यात्रा करते हैं। बढ़ती आबादी और यातायात की जरूरतों को देखते हुए अब प्रदेश में बस परिवहन ढांचे को आधुनिक और सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी दिशा में राज्य के विभिन्न शहरों मे आधुनिक बस पोर्ट्स का विकास किया जा रहा है, जो पारंपरिक बस अड्डों से कहीं अधिक सुविधाजनक और उन्नत होंगे।

इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए लाभकारी

बस पोर्ट्स का विकास केवल यात्रियों के लिए ही नहीं बल्कि शहरी ढांचे के लिए भी लाभकारी सिद्ध हागा। इसके आसपास के क्षेत्रों में व्यावसायिक और सामाजिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बेहतर परिवहन ढांचा पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगा और शहरों को आपस में और मजबूती से जोड़ेगा। उत्तर प्रदेश में इस समय विभिन्न बड़े शहरों और क्षेत्रीय केंद्रों में इन आधुनिक बस पोर्ट्स का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुविधा देना ही नहीं, बल्कि पूरे परिवहन तंत्र को नए स्तर पर ले जाना है।

यूपी में बस पोर्ट्स का यह विकास सड़क परिवहन को नई पहचान देगा और राज्य को देश के सबसे उन्नत परिवहन ढांचों वाले क्षेत्रों में शामिल करेगा।

आधुनिक बस पोर्ट्स की खासियत एक नजर में

आधुनिक ढांचा: बस पोर्ट पारंपरिक बस अड्डों से अलग, हवाई अड्डों जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होते हैं। वातानुकूलित प्रतीक्षालय: यात्रियों के लिए एसी वेटिंग एरिया उपलब्ध। महिलाओं के लिए विशेष सुविधा: महिलाओं और बच्चों के लिए अलग विश्राम कक्ष एवं सुरक्षित कक्ष एवं सुरक्षित माहौल। डिजिटल टिकटिंग: कैशलेस भुगतान और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा। बस ट्रैकिंग सिस्टम: जीपीएस आधारित लाइव ट्रैकिंग से बसों के आगमन व प्रस्थान की सटीक जानकारी। सुरक्षा व्यवस्था: सीसीटीवी निगरानी और चौबीसों घंटे सुरक्षा कर्मी। स्वच्छता और हाइजीन: साफ-सुथरे शौचालय और पेयजल की सुविधा। खानपान व शॉपिंग: फूड कोर्ट और रिटेल शॉप्स की व्यवस्था। पर्यावरण अनुकूल: सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और ग्रीन बिल्डिंग की दिशा में पहल।

कनेक्टिविटी हब: शहरों और कस्बों को जोड़ने वाला एकीकृत परिवहन केंद्र। रोजगार और व्यापार में वृद्धि: बस पोर्ट के आसपास व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बसपोर्ट में मिलेंगी कई सुविधाएं: बस पोर्ट में कई सुविधाएं मिलेंगी, मसलन - ब्रान्डेड रिटेल, एंकर स्टोर्स, हाईपरमार्केट्स, मल्टीप्लेक्स, होटल सुईट्स, ऑफिस स्पेसेस, फूड कोर्ट एंड रेस्टोरेन्ट्स, ऑल डे डाइनिंग, बैंक्वेट हॉल्स, प्ले जोन्स, कॉन्फ्रेंस हॉल, स्विमिंग पूल, जिम एंड स्पा। ''कंपनी प्रदेश की इन महत्वाकांक्षी बस स्टेशन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनूरूप पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोहित गोयल, प्रबन्ध निदेशक, ओमैक्स लिमिटेड एवं फाउंडर बीटुगेदर

''कंपनी का उद्देश्य केवल अधोसंरचना का विकास करना नहीं है, बल्कि यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा और समृद्ध अनुभव प्रदान करना भी है। इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से न केवल शहरी परिवहन प्रणाली सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा।

सुनील कुमार सोलंकी, प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, ओमैक्स लिमिटेड

बी टुगेदर (ओमैक्स ग्रुप का वेंचर) पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर 06 बसपोर्ट्स विकसित करेगा, जिसमें लखनऊ (विभूति खण्ड, गोमती नगर), गाजियाबाद (ओल्ड), प्रयागराज (सिविल लाइंस), अयोध्या, लखनऊ (अमौसी) और कौशाम्बी (गाजियाबाद) बसपोर्ट्स का भी विकास करेगा।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी सहायक उपकरण की सौगात

जयपुर, 30 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार बुधवार, 01 अक्टूबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की के निर्देशों के अनुपालना में सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के जामड़ोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बी.पी. चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को जीवन को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न सहायक उपकरण (व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, कमर व घुटने की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, बैशाखी, वॉकर, ट्राईपोड, श्रवण यंत्र) प्रदान किए जा रहे हैं। श्री बी.पी. चंदेल ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 08 अगस्त से 23 सितम्बर 2025 तक पंचायत समिति और नगर निकायों में चिन्हीकरण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि अभियान का द्वितीय चरण 01 अक्टूबर, अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय संकुल, जामड़ोली में आयोजित शिविर के माध्यम से पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किया जाएगा।

मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड
Muthoot Homefin
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट नंबर 19-एनई, 19वीं मंजिल, द रूबी, सेनापति बापट मार्ग, रूपारेल कॉलेज के पास, दादर (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र - 400 028

कब्जे की सूचना (प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड (एमएचआईएल)** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(2) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लेखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड** के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लेखित राशि पर ब्याज भी लगेगा।

उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता(ओं)का नाम ऋण खाता संख्या/शाखा	सुरक्षित परिसंपत्तियों का संक्षिप्त विवरण	मांग की तिथि नोटिस और कुल बकाया राशि (रु.)	कब्ज़ा लेने की तिथि
1.	1 कृष्ण गोपाल लुहार/गुड़ी/ 024-02400957/ भीलवाड़ा	पट्टा संख्या 4696, ग्राम- धामनिया, ग्राम पंचायत- धामनिया, पंचायत समिति- मांडलगढ़, भीलवाड़ा भीलवाड़ा राजस्थान-311605, उप पंजीयक काछोला के कार्यालय में पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीकृत संख्या 2400957 दिनांक- 03-अगस्त-18 में विशेष रूप से उल्लेखित है। सीमाएं- उत्तर- ओम पारीक का घर, दक्षिण- जहाजपुर से मांडलगढ़ तक सड़क, पूर्व- पन्ना लाल पुत्र शंकर लाल लोहार, पश्चिम- केसरनाथ का घर	15-मार्च-2021/ रु. 4,12,618/- (चार लाख बारह हजार छह सौ अठारह रुपये मात्र)।	27-सितम्बर-2025

दिनांक : 01 अक्टूबर, 2025 एसडी/- अधिकृत अधिकारी
स्थान : भीलवाड़ा मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड

जेके लक्ष्मी सीमेंट ने सूरत ग्राइंडिंग इकाई के साथ अपनी सालाना क्षमता बढ़ाकर की 1.8 करोड़ टन

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी सीमेंट विनिर्माता, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने सूरत में 1.35 मिलियन टन (13.5 लाख टन) सालाना की क्षमता वाली एक नई ग्राइंडिंग इकाई शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने इसके साथ, राजस्थान के जेकेपुरम, सिरोही स्थित अपने संयंत्र में सीमेंट मिलों की बाधाओं को दूर करने का काम पूरा कर लिया है, जिससे परिचालन क्षमता में और वृद्धि हुई है। इन नए घटनाक्रमों के साथ, जेके लक्ष्मी सीमेंट की कुल स्थापित क्षमता अब 1.8 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) हो गई है।

जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं निदेशक, अरुण कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि के बारे में कहा, क्षमता विस्तार का मतलब सिर्फ मात्रा बढ़ाने से नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी से प्रगति करना भी है। सूरत की ग्राइंडिंग इकाई, सिरोही में दक्षता बढ़ाने के साथ, भारत की सतत विकास आकांक्षाओं के अनुरूप महत्वपूर्ण बाज़ारों में सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता बढ़ाएगी। 2030 तक तीन करोड़ (30 मिलियन) टन प्रति वर्ष की ओर बढ़ते हुए, हम नवोन्मेष और दक्षता के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दे रहे हैं कि हर अतिरिक्त टन का उत्पादन कम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ हो।

लद्दाख में हुई हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच होः राहुल गांधी

नई दिल्ली, 30 सितंबर (वेब वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक